भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं.546
12 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए

पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ शहरी विकास

546. श्री आर. गिरिराजनः
श्री एस. कल्याणसुन्दरमः
श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्लाः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार दवारा शहरी विकास के साथ-साथ अधिक से अधिक पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) इस संबंध में सरकार दवारा घोषित की गई और शुरु किये जाने के लिए प्रस्तावित योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) से (ग): शहरी विकास राज्य का विषय है। तथापि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय अपने मिशनों जैसे अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन (अमृत) 2.0, स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम), स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम- यू) 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) और शहरी परिवहन के तहत योजनाओं दवारा शहरी विकास संबंधित मुददों को हल करने में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करना करता है। इन योजनाओं के माध्यम से किए गए विभिन्न प्रयास में स्थायी विकास के लिए अधिकतम पर्यावरणीय संतुलन सहित शहरी अवसंरचना प्रदान करने, हरे भरे क्षेत्र को विकसित करने, स्वच्छता इत्यादि पर केंद्रित हैं।

***